**भ्रष्टाचार** लेंटर डलते ही ढह गया मुख्य बीम का मसाला, जमे हुए घटिया सीमेंट को फोड़कर की जा रही ईंटों की जुड़ाई, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

# भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ा हो रहा करोंदी का पंचायत भवन

## 35 लाख की लागत से बन रही इमारत में गुणवत्ता गायब

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** शासकीय निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण की तस्वीरें तो अक्सर सामने आती हैं, लेकिन चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली आदिवासी ग्राम पंचायत करोंदी में जो कुछ हो रहा है, वह न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे को सीधा आमंत्रण है। शासन द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त पंचायत भवन निर्माण हेतु 35 लाख रुपए से अधिक की मोटी राशि स्वीकृत की गई है। लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत और संबंधित सब-इंजीनियर (उपयंत्री) की घोर लापरवाही के चलते इस भवन के निर्माण में गुणवत्ता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।



## तस्वीरों और वीडियो में कैद हुआ भ्रष्टाचार का सच

भवन निर्माण की जमीनी हकीकत बयां करती कार्यस्थल की तस्वीरें साफ तौर पर दिखाती हैं कि यहाँ निर्माण सामग्री का रखरखाव बेहद घटिया दर्जे का है। सबसे चौंकाने वाला खुलासा ग्रामीणों ने नाम उजागर न करने की शर्त पर किया है। ग्रामीणों का बड़ा आरोप- कार्यस्थल पर रखा सीमेंट पूरी तरह से जम चुका था और पत्थर बन चुका था। भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखिए कि ठेकेदार और निर्माण एजेंसी ने उस जमे हुए घटिया सीमेंट को कूट-कूटकर और फोड़कर उससे ईंटों की जुड़ाई का काम करवा दिया। ऐसी जुड़ाई से बनी दीवारें भला कितने दिन टिकेंगी? इसके अलावा, मौके पर मौजूद साक्ष्यों से यह भी स्पष्ट देखा जा सकता है कि नीचे के सपोर्ट (सेंटरिंग और बल्लियां) बेहद असुरक्षित, टेढ़े-मेढ़े और कमजोर तरीके से लगाए गए हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

### लेंटर डालते ही नीचे आ गिरा मुख्य बीम का मसाला

लापरवाही का यह आलम है कि बीते दिनों जब भवन की ऊपरी सतह का लेंटर डाला जा रहा था, तभी मुख्य बीम का पूरा मसाला ही नीचे ढह गया। मौके से मिले वीडियो और तस्वीरों में लेंटर के जाल और बीम की यह दयनीय स्थिति साफ उजागर हो रही है। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पर पर्दा डालते हुए बल्ली सरकने का बहाना बना दिया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यदि लेंटर में प्रयुक्त लोहे की रॉड (सरिया), सीमेंट और रेत की बारीकी से जांच की जाए, तो पूरा घोटाला खुलकर सामने आ जाएगा।

### पंचायत के बजाय दूसरी एजेंसी को दे दिया काम, सरपंच को सुध नहीं

नियमत: यह कार्य ग्राम पंचायत को खुद कराना था, लेकिन मिलीभगत के चलते पंचायत स्वयं काम न कराकर किसी बाहरी एजेंसी से काम करवा रही है। ग्राम पंचायत के आदिवासी सरपंच स्वयं दूसरे गांव कठई में रहते हैं। उन्हें निर्माण कार्य से कोई विशेष सरोकार नहीं है और न ही वे कभी काम देखने आते हैं। इस प्रशासनिक शून्यता का फायदा उठाकर निर्माण एजेंसी फाउंडेशन से लेकर ऊपर लेंटर तक सिर्फ औपचारिकता निभा रही है और गुणवत्ता का कहीं नामोनिशान नहीं है।

### सब-इंजीनियर की भूमिका संदिग्ध

दूसरी पंचायतों में तमगा, यहाँ आंखों पर पट्टी इस पूरे मामले में सबसे गंभीर भूमिका सब-इंजीनियर की मानी जा रही है। जब भास्कर प्रतिनिधि ने उनसे इस संबंध में चर्चा की, तो उन्होंने बड़े ही गैर-जिम्मेदाराना ढंग से कह दिया कि सब कुछ ठीक है और काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से ही हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यही सब-इंजीनियर दूसरी ग्राम पंचायतों में जाकर गुणवत्ता से भी ऊपर वाले निर्माण कार्यों की जांच करने और %तमगा% लगाने पहुंच जाते हैं, लेकिन आदिवासी करोंदी के इस घटिया निर्माण पर उन्होंने अपनी चुप्पी क्यों साध रखी है और आंखों पर पट्टी क्यों बांध ली है यह एक गंभीर सोचनीय और जांच का विषय है।

### कलेक्टर से मुआयना करने की मांग

क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीणों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और स्वयं कलेक्टर से मांग की है कि वे किसी के प्रतिवेदन पर भरोसा न करते हुए स्वयं इस स्थल पर आकर इस भवन का मुआयना करें। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से इस घटिया निर्माण कार्य को रुकवाकर इसकी उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि शासकीय राशि की खुली बंदरबांट रोकी जा सके।



## अतिक्रमण से दम तोड़ रही यातायात व्यवस्था

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर की मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है। हालत यह है कि शहरवासियों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। पुराना बस स्टैंड से भगतराम चौराहा, श्रीदेव ठाकुर बाबा मार्ग और पेट्रोल पंप के समीप मुख्य मार्ग तक हर जगह सड़कों पर अवैध कब्जों के कारण रास्ते संकरे हो गए हैं। सड़क किनारे एक भी वाहन खड़ा होने पर तुरंत लंबा जाम लग जाता है। इससे राहगीरों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को घंटों परेशान होना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते अतिक्रमणकारी बेखौफ हैं। अतिक्रमण के कारण न केवल समय की बर्बादी हो रही है बल्कि दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ़ गया है। नगर की सुंदरता और सुगमता को बहाल करने के लिए अब जनता ने प्रशासन से नियमित अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई और यातायात के सुदृढ़ीकरण की मांग की है। लोगों का कहना है कि बिना सख्त कदम उठाए नगर को इस जाम के झाम से मुक्ति मिलना असंभव नजर आ रहा है।

## नाबालिग अपहरण मामले के तार गाडरवारा से जुड़े

**नवभारत/ गाडरवारा।** छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की के कथित अपहरण और यौन अपराध मामले की जांच में गाडरवारा का नाम सामने आया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू को गिरफ्तार किया है, जिस पर अपहरण, पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। जांच में यह सामने आने का दावा किया गया है कि आरोपी नाबालिग को गाडरवारा लेकर आया था। पुलिस के अनुसार, गाडरवारा निवासी माधव सोनी पर आरोपी को अपने घर में शरण देने और सहयोग करने का आरोप है। इसी आधार पर पुलिस ने माधव सोनी को भी मामले में आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया है। समाचार में यह भी उल्लेख है कि जांच एजेंसियां मामले के अन्य संभावित पहलुओं की भी जांच कर रही हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि सभी आरोपों की अंतिम पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया और अदालत के निर्णय के बाद ही होगी।

## गायत्री परिवार ट्रस्ट का पुनर्गठन, 24 को होगा सम्मान समारोह

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ की गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु गायत्री परिवार ट्रस्ट, गाडरवारा का पुनर्गठन संपन्न हो गया है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख शैल दीदी द्वारा ट्रस्ट मंडल चयन का अनुमोदन पत्र प्राप्त होने के बाद नवगठित ट्रस्ट समिति की घोषणा की गई। सात सदस्यीय ट्रस्ट समिति में वरिष्ठ परिजन मूलचंद शर्मा को प्रबंध ट्रस्टी, सुरेश गुप्ता को सहायक प्रबंध ट्रस्टी तथा राजेश कुमार कौरव, यशपाल राजपूत, मनोरमा श्रीवास्तव, पुष्पा वर्मा एवं आर.पी. सिंह को सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत माह जोन प्रभारी राकेश गुप्ता (भोपाल), उपजोन प्रभारी नरेश तिवारी (जबलपुर), प्रबंध ट्रस्टी थम्मन सिंह शर्मा (नरसिंहपुर), उपजोन प्रतिनिधि वृन्दावन पटेल एवं जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर की उपस्थिति में गायत्री परिवार के परिजनों की विशेष बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से ट्रस्टियों का चयन किया गया था। गायत्री परिवार की अनुशासनात्मक परंपरा के अनुरूप केंद्रीय अनुमोदन प्राप्त होने के बाद ही नामों की औपचारिक घोषणा की गई। तहसील समन्वयक गीता प्रसाद कौरव, युवा मंडल प्रभारी शिवम सोनी तथा वरिष्ठ परिजन विनोद श्रीवास्तव, राजेन्द्र दुबे, तीरथ प्रसाद केवट, दुर्गा प्रसाद कोरी एवं आशीष सक्सेना ने नवगठित ट्रस्ट मंडल को शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है।



### एक नजर में

## गाडरवारा नगर पालिका को नई सीएमओ मिलीं

**नवभारत/गाडरवारा।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग में किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत गाडरवारा नगर पालिका को नई मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिल गई हैं। इटारसी नगर पालिका में पदस्थ रितु मेहरा का तबादला गाडरवारा किया गया है। वहीं वर्तमान सीएमओ वैभव देशमुख को नर्मदापुरम भेजा गया है। तबादला आदेश के बाद नगर पालिका प्रशासन में नई कार्यशैली और विकास कार्यों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।




## जनकल्याण शिविर में विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने किया विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण

**नवभारत/साईंखेड़ा।** जनपद पंचायत साईंखेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण शिविर में क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ पटेल (मुलायम भैया) शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार का संकल्प है कि विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा आधारभूत संरचना के विकास के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं, जिससे भारत विश्व स्तर पर एक सशक्त और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है। विधायक ने कहा कि जनकल्याण शिविर केवल शिकायतों के निराकरण का मंच नहीं, बल्कि जनता के प्रति शासन की जवाबदेही और सेवा भावना का प्रतीक है। शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन और समस्या का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए।

## जन एकता गौसेवा समिति ने घायल गौमाता का कराया इलाज

**नवभारत/गोटेगांव।** जन एकता गौसेवा समिति के सदस्यों ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। सड़क पर घूम रही एक गौमाता के पैर में चोट लगने से वह घायल हो गई थी। सूचना मिलते ही समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और डॉक्टर चंद्र प्रकाश मेहरा से उसका इलाज करवाया। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार सड़कों पर घूमने वाली बीमार और घायल गौवंश का इलाज कराते हैं। समिति का उद्देश्य गौमाता की सेवा करना और उन्हें सुरक्षित रखना है। समिति सदस्यों ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि समिति गौमाता के लिए %रोटी बैंक% नाम से एक मुहिम भी चला रही है। यदि आपके घरों में रोटी या खाना अतिरिक्त बचता है तो उस खाने को समिति के सदस्यों से संपर्क कर गौमाता तक पहुंचा सकते हैं। इस माध्यम से आप सभी गौसेवा कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने गौसेवा समिति के इस कार्य की सराहना की है। इस मौके पर राजेश चौकसे लाल साहब पटेल केदार दुबे बृजेश पटेल गोली चौधरी दीपक ठाकुर दशरथ सिलावट कैलाश चेतराम सुमता ठाकुर सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।



## नहीं हटाये जा रहे विद्युत पोल

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा से होकर गाडरवारा तरफ जाने वाला सड़क मार्ग काफी घुमावदार सकरा मार्ग है यहां पर आये दिन सड़क दुर्घटनायें घटित होती रहती है। फिर भी विद्युत पोल खड़े कर रहे संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क मार्ग के किनारे से ही पोल खड़े किए जा रहे हैं जो निकट भविष्य में ही दुर्घटनाओं का कारण बन सकतें हैं।पूर्व में भी इस विषय को लेकर ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों तक यह विषय उठाया था लेकिन कुछ दिन बाद पुन: वही स्थिति निर्मित होने लगी है। ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से इन विद्युत पोलो को सड़क मार्ग से लगभग 6 फुट दूरी पर लगाये जाने की मांग की गई है।



## डंपर पलटा बाल बाल बचे चालक- परिचालक

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** बुधवार को सुबह सुबह एक डंफर अचानक गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर पलटी मार गया। जिसमें चालक परिचालक बाल बाल बच गए। हमारे प्रतिनिधि को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क मार्ग पर साइड पट्टी पर मुरम डाली जा रही थी जैसे ही डंफर द्वारा मुरम डाले जाने को आगे बढ़ा ही था कि अचानक एक तरफ पलट गया।



## दीवार विवाद बना खूनी संघर्ष, भतीजे ने हथौड़ी मारकर की चाचा की हत्या

**नवभारत/ गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम देगुवा झांसीघाट में एक घर की दीवार ने रिश्तों का ही खून कर दिया। मकान निर्माण के दौरान चाचा-भतीजे में हुए विवाद में भतीजे ने हथौड़ी मारकर चाचा की हत्या कर दी। घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतक फूल सिंह मेहरा (62) अपने घर में मकान निर्माण का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने भतीजे सोनू मेहरा से दीवार नहीं उठाने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में आकर सोनू ने अपने चाचा फूल सिंह के सिर पर हथौड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल फूल सिंह को आरोपी पक्ष के सदस्य ही गोटेगांव के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों को बताया गया कि फूल सिंह छत से गिर गए हैं। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जबलपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान फूल सिंह की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान गोटेगांव पुलिस को देगुवा में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पूछताछ में सामने आया कि फूल सिंह को उनके ही भतीजे सोनू झारिया ने विवाद के दौरान हथौड़ी मारकर घायल किया था। पुलिस जांच में सच्चाई सामने आने के बाद आरोपी को कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया गया।




## रेलवे गेट नंबर 285 करकबेल मेख मार्ग 17 से 23 जून तक बंद

**नवभारत/ गोटेगांव।** पश्चिम मध्य रेल के सहायक मंडल इंजीनियर नरसिंहपुर कार्यालय ने सूचना जारी की है। करकबेल स्थित दुर्गा चौराहा मेख रोड रेलवे गेट क्रमांक 285 कि.मी. 922/21-23 अप एवं डाउन ट्रैक का अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। पत्र क्रमांक एल-1/ दिनांक 16.06.2026 के अनुसार यह ओवरहालिंग कार्य 17 जून 2026 को सुबह 08ः00 बजे से 23 जून 2026 शाम 18ः00 बजे तक चलेगा। इस दौरान समपार क्रमांक 285 रोड ट्रैफिक के लिए पूर्णत: बंद रहेगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियावरण हेतु शिविर

**नवभारत/करेली।** नगरी क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी गल्ला मंडी परिसर करेली में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 15 जून 2026 से 17 जून 2026 तक समय प्रात: सुबह 10ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक किया गया है। जिसमें समस्त विभागों में संचालित शासन की महत्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियो को लाभ वितरण/ प्रमाण पत्र वितरित किये गये। शिविर में महेंद्र सिंह किलेदार वार्ड की पार्षद संगीता शर्मा ने जाकर सभी विभागों से हर एक बिंदु पर चर्चा की एंव जानकारी ली। शिविर में फेफड़ों की जांच,पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना इस योजना में केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की गई। स्वास्थ्य का वरदान आयुष्मान,टीवी मुक्त भारत,राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड मध्य प्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड देवारण्य योजना अंतर्गत,मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना महिला एवं बाल विकास,पीएम मातृ वंदना योजना पहले बच्चे पर 5 000 दूसरी बेटी पर 6000 रुपए आपके बैंक खाते में डी बी टी के माध्यम से दिये गये।



## सांगई में उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेशोत्सव

**नवभारत/ गाडरवारा।** ग्राम सांगई स्थित एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय में विद्यार्थियों को घंटी बजाकर स्कूल बुलाया गया तथा उनके आगमन पर तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती कहार एवं सहायिका राधाबाई कहार ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उन्हें विद्यालयी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि नए सत्र में कक्षा पहली में अब तक 21 बच्चों का प्रवेश हो चुका है तथा यह संख्या आगे और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन कराने की अपील भी की। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, राजेश कौरव, विवेक नायक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह बढ़ाना तथा शाला प्रवेश अभियान को गति देना रहा।



## मास्टर प्लान के तहत विकास परियोजनाओं पर ली लोगों की राय

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं, गतिविधियों, नरसिंहपुर नगर के सौंदर्यीकरण और विस्तार के लिए शहर के नागरिकों से राय ली जा रही है। सिंगरी नदी नरसिंहपुर नगर की प्रमुख नदी है। इस प्लान में सिंगरी नदी का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण और नरसिंहपुर नगर तथा ग्राम निवेश पर विस्तृत चर्चा होगी। जिससे नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी अपनी राय देंगे। मंत्री पटेल बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति नीलेश काकोड़िया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, व्यापारी, गणमान्य नागरिक और अधिकारी मौजूद थे।मंत्री पटेल ने नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की अद्यतन प्रगति और रोडमैप पर बिंदुवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।




### मंत्री पटेल ने कहा

मंत्री पटेल ने कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं और जारी निर्माण कार्यों को पूरी निष्ठा एवं गुणवत्ता के साथ नियत समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रही पुरानी व नवीन विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री पटेल के द्वारा नरसिंहपुर नगर के मास्टर प्लान अंतर्गत आवासीय क्षेत्र, वाणिज्यिक क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, सार्वजनिक एवं अर्द्धसार्वजनिक स्थलों, सार्वजनिक उपयोगिताएं व सुविधाएं, पार्किंग स्थल, यातायात परिवहन व्यवस्था सहित सड़क मार्ग एवं रेलवे मार्ग के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

## सब स्टेशन में बारिश से पहले मेंटेनेंस कार्य शुरू अधिकारियों ने दिए निर्बाध सप्लाई के निर्देश

**नवभारत/ गोटेगांव।** बरसात को देखते हुए गोटेगांव सब स्टेशन में मेंटेनेंस का कार्य कराया जा रहा है। सहायक अभियंता संदीप रघुवंशी एवं शहर प्रभारी उदय सिंह के दिशा निर्देशन में यह कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों ने मेंटेनेंस कार्य के दौरान सामान्य उपभोक्ताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। कोशिश की जा रही है कि मेंटेनेंस के कारण विद्युत सप्लाई प्रभावित न हो। मेंटेनेंस कार्य के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर काम का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि बारिश के मौसम में फॉल्ट की समस्या बढ़ जाती है, इसलिए पहले से लाइनों, ट्रांसफार्मर और सब स्टेशन उपकरणों की जांच व मरम्मत की जा रही है। विभाग का कहना है कि बरसात में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिले, यही लक्ष्य है। इसके लिए अभी से तैयारी की जा रही है।

